उन्नत भारत अभियान 2.0
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बी.एच.यू.
वाराणसी , उत्तर प्रदेश – 221005

UNNAT BHARAT ABHIYAN 2.0
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY (BHU)
Regional Coordinating Institute
Email: rci.uba@itbhu.ac.in , ubarciiitbhu@gmail.com

उन्नत भारत अभियान शिक्षा मंत्रालय , भारत सरकार के ग्रामोत्थान की एक अभिनव परियोजना है, जिसमें विज्ञान और तकनीक के समन्वय से ग्रामीण परिवेश और आधारभूत संरचना को बेहतर, सुन्दर, विकसित और गतिशील बनाने कि प्रक्रिया है।

गॉधी जी ने कहा था 'भारत गाँवों का देश है और भारत कि आत्मा गाँवों में निवास करती है'।

वर्तमान में देश की 70 प्रतिशत से भी ज्यादा जनसंख्या गाँवों में निवास करती है। भारत में 2011 की जनगणना के अनुसार 6,49,481 गाँवों है। जिनके उत्थान और विकास में ही देश की प्रगति और समृद्धि निहित है।

उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत RCI, IIT (BHU) अपने चुने हुए गाँवों मे स्वास्थ्य, शिक्षा , पानी और सामाजिक जागरूकता पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमो के द्वारा सार्थक हस्तक्षेप कर रहा है। जिसमें RCI, IIT (BHU) से जुड़े PIs के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान कर रहा है।

इस समय उन्नत भारत अभियान के अर्न्तगत 'कार्बन न्यूट्रल और वाटर पाजीटिव' के तहत गाँवों का सर्वे किया जा रहा है और इस कार्य मे सम्मिलित होने वाले कालेज के स्टूडेन्ट को आर.सी.आई. आई.आई.टी. (बी.एच.यू.) के तरफ से इस कार्य के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत–हसुड़ी औसानपुर, जिला– सिद्धार्थनगर और ग्राम पंचायत–कुरौना, जिला–वाराणसी में कार्बन न्यूट्रल का सर्वे किया गया। इसी तरह कुछ और गाँवों का सर्वे किया जायेगा।

कार्बन न्यूट्रल के तहत रामेश्वर गाँव में सर्वे करते समय ग्राम प्रधान और कालेज के स्टाफ और छात्राएं



गाँवों में लोगो के जीविकोपार्जन में देशी जुगाड़ की महत्वपूर्ण भूमिका और उन्नत भारत अभियान के अर्न्तगत और हार्डिकल्चर के सहयोग से किसान को केले का वृक्षारोपण करवाया गया।

आई.आई.टी.(बी.एच.यू.) के प्रोफेसर डॉ0 प्रभात कुमार सिंह ने पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए छात्रों को संकल्प दिलाते और साथ में यूबीए के उप समन्वयक डॉ0 शिशि गौर।

आई.आई.टी (बी.एच.यू.) के द्वारा कार्य के लिए चयनित गाँव में ग्राम प्रधाान डाफी के प्रधान आनन्द कुमार जी और नयपुरा के प्रधान कल्लू यादव जी से गाँव में कार्य को लेकर वार्तालाप।

आर्य महिला पी.जी. कालेज , वाराणसी के प्रधानाचार्या से उन्नत भारत अभियान के कार्य को लेकर वार्तालाप ।

कुछ नये कालेज को उन्नत भारत अभियान के तहत जोड़ने के लिए सम्पर्क किया और साथ ही उनको उन्नत भारत अभियान के कार्य के बारे में जानकारी दिया गया।